दैनिक जागरण 03/02/2026

बाल विवाह जैसी बुराई के प्रति जागरूक किया

कालेज में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करता वक्ता। • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट की लीगल लिटरेसी सेल ने जिला लीगल सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) अंबाला के सहयोग से बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन बाल विवाह निषेध अधिकारी अजय शंकर तिवारी, पीएलवी के सहयोग से किया गया। कालेज में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर भारतीय संस्कृति, दर्शन, नैतिक मूल्यों, जीवन-दर्शन तथा प्राचीन भारतीय ज्ञान-विज्ञान से जुड़े विषयों पर अपनी समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्राचार्य रोहित दत्त ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी शिक्षा व्यवस्था की मूल आत्मा है। गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट के एमबीए छात्र अमन के प्रतिष्ठित कंपनी इंडियामार्ट अंबाला में 4 .67 लाख प्रति वर्ष के आकर्षक पैकेज पर चयनित होने पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है।